नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाएगी राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी

नई दिल्ली। आज हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं जहां समाज का अंतिम व्यक्ति भी महसूस करें कि देश के प्रत्येक विकास में उसकी भी अहम भूमिका और हिस्सेदारी है। लोकतंत्र की गूँज और राष्ट्र उत्थान में उसके पसीने की गंध का भी मोल हो, तभी सही मायने में लोकशाही का राम-राज्य स्थापित हो सकेगा। एक ऐसा समाज जो पारदर्शी नेतृत्व, आधुनिक तकनीक और नेक नीयत के साथ बुजुर्गों का सम्मान, स्त्रियों की सुरक्षा और नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी देता हो, यह कहना था राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के कन्वीनर एडमिन दीपक पांडिया का, उन्होंने कहा की जहां सरकार दाता के अहंकार में और जनता याचक के रूप में न हों, अपितु सरकार अपना दायित्व निर्वहन करते हुए प्रत्येक नागरिक के घर-द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के लॉन्च के अवसर पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्रिगेडियर बी. के. खन्ना को चीफ कन्वीनर, दीपक पांडिया को कन्वीनर एडमिन, एन. के. शर्मा को कन्वीनर फाइनेंस, डॉ. एल. सी. शर्मा को मेंटोर और रेणु नेगी को कन्वीनर मीडिया रिलेशन नियुक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में जे. पी. सिंह, अलोक कुमार, आईएएस रिटायर्ड गौतम मारवाह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और ब्रिगेडियर विनोद दत्ता शामिल हुए। बिग्रेडियर खन्ना एक अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व है उन्होंने सेना में रहकर देश के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की हैं तथा 1987 में भारत की सेना ने जब श्रीलंका में शांति के लिए भेजी गई थी तो ब्रिगेडियर खन्ना ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी, इन्होंने समाज सेवा में सर्वोच्च सेवाओं को प्रदान करने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए हमारा पूरा जीवन देश के प्रति

समर्पित रहा है और हर चुनौती को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे है, आज इस लोकनीति के तहत हम लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे भी अवश्य पूरा करेंगे।

एन. के. शर्मा ने कहा की आज की स्थितियॉ इतनी बदल चुकी हैं कि व्यक्ति,परिवार, समाज समेत शिक्षा, स्वास्थ्य,प्रशासन, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्र पूरी तरह नवीन और भिन्न हो चुके हैं। ऐसे में हमारी सदियों पुराने प्रशासनिक ढॉचे पर आधारित राजनीति पूरी तरह बेमानी साबित हो चुकी है। हमारी पार्टी का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा और अन्य सभी प्रभागों में नए सुधारों के साथ घर द्वार की सेवाओं को लाना ताकि लोग अपनी सेवाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ कार्य कर सके, प्रत्येक पंचायत में उसी क्षेत्र के 15 लोगों को रोजगार जो हर सेवा को घर पर ही उपलब्ध करवाएंगे, सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक समान व्यवस्था, फीस ढांचा एवं अन्य सुविधाओं को भी एक समान करना है।

यह एक बड़ी सच्चाई है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक गणराज्य है, जिसका हमें गर्व भी है। परन्तु एक देश को लोकतान्त्रिक तभी समझा जाना चाहिए जब वहॉ लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना हो, अन्यथा यह बात दिवास्वप्न ही होगी।

पार्टी के मेंटोर डॉ. एल. सी. शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य है नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाना, व्यवस्था में नई सहयोगात्मक एवं विकासात्मक सोच एवं शासन प्रणाली की रणनीति का प्रादुर्भाव, समुचित एवं अधिकतम तकनीक आधारित शासन व्यवस्था, जिम्मेवारी एवं आमजन में प्रसन्नता एवं मुस्कान के लिए सेवाएं, शासन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करना आदि कुछ प्रमुख है। जे. पी. सिंह ने कहा की व्यवस्था बदल रही है तो हम क्यों न बदले, नेताओं के साथ नागरिकों की भी रेटिंग तय हो, जब दूसरे देश यह कर सकते है तो हम क्यों नहीं। पार्टी का एजेंडा बिल्कुल सही है यह नई दिशा तय करने वाली है। रेणु नेगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहेगी जिसमें ह म महिलाओं की समस्याओं को और अच्छे तरीके से दूर कर सकेंगे।

देश की आवाम और मज़बूत स्तंभ मीडिया के साथ इस राष्ट्रीय लोकनीति और लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करने के उद्देष्य से सहयोग और समर्थन की अपील करता है। एक पारदर्षी जिम्मेवार सरकार की परिकल्पना एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाति,धर्म और संप्रदायों से ऊपर उठकर समान राष्ट्र के पुननिर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ देश की राजधानी दिल्ली से किया गया है ।

एक्सप्रेस न्यूज

एटा में 25 करोड़ की सरकारी जमीन भूमाफिया से मुक्त

एटा, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में एटा की जलेसर तहसील के अवागढ़ थाना इलाके के तहत ग्राम चुरथरा में भू माफियाओं के कब्जे से 25 करोड़ रुपए की ग्राम समाज की 7.69 हैक्टेयर जमीन को मुक्त कराया गया है। जिलाधिकारी विभा चहल की ओर से जमीन माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जलेसर के तत्कालीन तहसीलदार, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी कर्ता, चकबंदी लेखपाल सहित 6 अधिकारियों, कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विभागीय कार्रवाई के भी आदेश दिये गये हैं। तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो राज कुमार यादव, कम्प्यूटर सहायक ब्रजेश पर भू माफिया को सहयोग करने का आरोप है।भू माफिया राकेश, अवधेश कुमार, राम भरोसे, हबीब खान, श्रीमती मैना को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन भू माफियाओं पर ग्राम सभा की जमीन को अपने नाम करवाने, फर्जी तरीके से रिकॉर्ड में हेराफेरी कर फर्जी तरीके से ग्राम सभा की भूमि को अपने नाम करवाने का आरोप है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की शुरुआत एक अप्रैल से

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की शुरुआत एक अप्रैल से होगी, जिससे इस मार्ग पर आने-जाने वालों को काफी सुविधा मिलेगी। दरअसल, 27 मार्च तक एक्सप्रेस-वे का काम पूरा हो जाएगा। वर्तमान में एक्सप्रेस-वे पर लूप, अंडरपास और मुख्य सड़क पर डिवाइडर बनाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। इतना ही नहीं, इस एक्सप्रेस-वे का मुख्य निर्माण कार्य अंतिम दौर में पहुंचने चुका है और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने एक्सप्रेस-वे को यातायात की मंजूरी के लिए फाइल सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की तरफ बढ़ा दी है। इसके तहत अथॉरिटी की तरफ से एक्सप्रेस-वे को खोलने का समय एक अप्रैल से रखने की मांग की है। इस फाइल में एनएचएआई ने अन्य कई और बाते भी कही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फाइल में लिखा है कि, यदि मंत्रालय चाहे तो 27 मार्च के बाद भी एक्सप्रेस-वे को यातायात के लिए खोला जा सकता है, क्योंकि एक्सप्रेस-वे से जुड़े सभी कार्य होली से पूर्व पूरे कर लिए जाएंगे।

अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों ने ढेर किए 18 आतंकी

काबुल, (एजेंसी)। अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में सुरक्षाबलों ने एक विशेष अभियान के दौरान 18 तालिबानी आंतकवादियों को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि अफगानिस्तान रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने वायु सेना की मदद से कंधार प्रांत के अर्घानदाब और झेरी जिलों में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 आतंकवादी मारे गए और अन्य तीन घायल हो गए। दोहा में अंतर-अफगान वार्ता अब तक विरोध को समाप्त करने में विफल रही है। इसके उलट अफगानिस्तान में हाल के महीनों में बम हमलों और झड़पों का समाना किया है। सेना नियमित रूप से तालिबान आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रही है।

यूपी में अपने बलबूते पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

कांशीराम की जयंती पर बोलीं पार्टी सुप्रीमो मायावती

लखनऊ, (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि 2022 में होने वाले यूपी के विधानसभा चुनाव में हम किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेंगे और अपने बलबूते चुनाव लड़ेंगे। मायावती कांशीराम की 87वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि हम चुनाव को लेकर अंदर ही अंदर काम कर रहे हैं। हम किसी से ज्यादा रणनीति का खुलासा नहीं करते। बसपा प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर पूरे दम के साथ चुनाव लड़ेगी और अच्छे परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि बसपा से गठबंधन करने पर हमेशा दूसरे दलों को लाभ होता है इसलिए हम किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। मायावती ने अपने समर्थकों से कहा कि विरोधी दलों के साम, दाम, दंड और भेद के हथकंडे से सावधान रहें और पार्टी को

चुनाव में अच्छी सफलता दिलाकर बसपा मूवमेंट को सफल बनाएं। यही पार्टी संस्थापक कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

केंद्र सरकार से कृषि से जुड़े तीनों कानून वापस लेने की मांग: उन्होंने केंद्र सरकार से कृषि से जुड़े तीनों कानून वापस लेने की मांग एक बार फिर दुहराई। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में मृतक किसानों के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। बसपा राज में चीनी मिलों के बिकने के सवाल पर मायावती ने कहा कि किस संस्था के साथ क्या किया जाना है, यह निर्णय सत्ता में रहने वाली सरकार करती है। चीनी मिलों को बेचने का फैसला कैबिनेट ने किया था। यह सरकार का सामूहिक फैसला था, यह किसी एक मंत्री की जिम्मेदारी नहीं। यह मंत्रालय भी दूसरे मंत्री के पास था।

महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज-कानपुर खंड का किया गहन निरीक्षण

प्रयागराज ■ ब्यूरो

विनय कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे ने सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों की टीम के साथ प्रयागराज मंडल के प्रयागराज-कानपुर खंड का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सुबह से शुरू होकर शाम तक चला। इसके उपरांत प्रयागराज जंक्शन के वीआईपी लाउंच में पत्रकारों से चर्चा में निरीक्षण की जानकारी देते हुए त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। प्रयागराज स्टेशन से शुरू निरीक्षण के दौरान ट्रैक का निरीक्षण किया गया, साथ ही कर्व, लेवल क्रॉसिंग, गैंग, स्टेशनों (प्रयागराज, भरवारी एवं फतेहपुर) यार्ड, प्वाइंटों आदि का निरीक्षण करने के साथ स्पीड ट्रायल भी किया गया। सर्वप्रथम प्रयागराज जं. पर महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने क्रू लॉबी का निरीक्षण किया और लॉबी द्वारा संरक्षायुक्त और कुशल संचालन के विभिन्न प्रयासों को देखा और इस संदर्भ में जरूरी सुझाव दिए। महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने ऑसीलेशन मॉनिटरिंग प्रणाली (ओएमएस) का भी उद्घाटन किया। इससे 130 किमी प्रति घंटा की गति पर ट्रैक मापदंडों की रिकॉर्डिंग की सुविधा मिल सकेगी व इसके फलस्वरूप संरक्षा अधिक पुख्ता हो और यात्री सुविधाओं को बेहतर किया जा सकेगा।

सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : महाप्रबंधक

उन्होंने बम्हरौली और मनौरी स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसनं -05 को देखा। भरवारी स्टेशन के निरीक्षण के समय त्रिपाठी ने बुकिंग सह आरक्षण कार्यालय, स्टेशन क्षेत्र और रेलवे कॉलोनी को देखा। उन्होंने ई-कनेक्टिविटी, चार्जर विफलता अलार्म सिस्टम का उद्घाटन किया और भरवारी में सब स्टेशन का उद्घाटन भी किया। निरीक्षण के दौरान पर मंडलीय अधिकारियों के साथ शुजातपुर में डीएफसीसीआईएल कनेक्टिविटी पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सिराथू और अथ सराय के बीच एक मेजर ब्रिज नंबर-109 और फैजुल्लापुर-रमवा खंड पर लेवल क्रॉसिंग लोकेशन सं. 46 पर लिमिटेड हाइट सब-वे को भी अधिकारियों के दल द्वारा देखा गया।

सीएम रावत का स्वागत

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और नए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक का देहरादून में सोमवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

रोटी पर थूकने वाले नौशाद पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

मेरठ, (एजेंसी)। मेरठ में शादी समारोह में तंदूरी रोटी बनाते वक्त रोटी पर थूकने वाले एक शख्स का वीडियो कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसके बाद एक सामाजिक संस्था के कुछ कार्यकर्ताओं ने आरोपी नौशाद को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भी भेज दिया था। अब पुलिस आरोपी से सख्ती से निपटने की कवायद कर रही है, जिसके चलते पुलिस अब न्यायिक हिरासत में मौजूद नौशाद पर रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों की माने तो रासुका की कार्रवाई के लिए फाइल तैयार कर ली गई है, और उस पर आलाधिकारियों की मंजूरी भी हो गयी है। दरअसल, कुछ दिनों पहले मेरठ में एक शादी समारोह में तंदूरी रोटी पर थूक लगाने वाले एक शख्स का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था।

लगाया जा सकता है रासुका

आज का इतिहास

- **1690** : फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने आयरलैंड में सेना भेजी।
- **1846** : अमृतसर संधि के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह को दे दिया गया।
- **1693** : इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक मल्हारराव होल्कर का जन्म।
- **1901** : महात्मा गांधी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी पोट्टि श्रीरामुलु का जन्म।
- **1906** : भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार अम्बिका प्रसाद दिव्य का जन्म।
- **1916** : हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फिल्म निर्माता दयाकिशन सप्रू का जन्म।
- **1922** : अमेरिकी टेलीविजन पटकथा लेखक और नाटककार हार्डिंग लेमेय का जन्म।

सोनी इंटरटेनमेंट टेलीविजन प्रस्तुत करता है एक अनोखी लव स्टोरी 'इश्क पर जोर नहीं'

मुंबई। सोनी इंटरटेनमेंट टेलीविजन प्रस्तुत करता है 'इश्क पर जोर नहीं', जो अहान और इश्की की नए जमाने की युवा प्रेम कहानी है। ये दोनों इंसान न सिर्फ व्यक्तित्व में एक दूसरे से अलग हैं, बल्कि शादी को लेकर इन दोनों की सोच में भी जमीन-आसमान का अंतर है। इस शो में अक्षिता मुद्गल इश्की का रोल निभा रही हैं और परम सिंह, अहान मल्होत्रा के किरदार में हैं। इस शो का निर्माण फोर लायन्स फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया है।

यह शो सोमवार से शुरू गया है और इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार रात 9.30 बजे, सिर्फ सोनी इंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा। अहान मल्होत्रा बिजनेस की दुनिया में एक मशहूर नाम है। लोगों ने उसे कभी मुस्कुराते नहीं देखा, लेकिन अहान मुस्कुराता भी है... और वो भी तब, जब वो परिवार और भाई बहनों के साथ होता है। अपनी बहन सोनू (शगुन शर्मा) और कजिन कार्तिक (रजत शर्मा) से उसका खास नाता है। शादी को लेकर अहान की पुरानी सोच के चलते कार्तिक और सोनू दोनों ही उसे चिढ़ाते हैं। दूसरी ओर, इश्की जिंदगी को भरपूर तरीके से जीने में यकीन रखती है।

रिया चक्रवर्ती के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची एनसीबी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में सामने आए ड्रग्स कनेक्शन मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एनसीबी ने ड्रग मामले में गिरफ्तार ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को जमानत देने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट इस मामले में 18 मार्च को सुनवाई करेगा। मालूम हो कि 14 जून, 2020 को सुशांत सिंह राजपूत की मुंबई स्थित उनके आवास पर मौत हो गई थी। शुरुआत में आत्महत्या बताया गया था, लेकिन कुछ समय उनके फैन्स द्वारा इसे हत्या बताया जाने लगा था।

नोटा को पड़ें ज्यादा वोट तो सभी उम्मीदवार खारिज माने जाएं, नए सिरे से चुनाव हो

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

मतदाताओं को राइट टू रिजेक्ट यानी सभी प्रत्याशियों को नकारने का अधिकार देने पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया है। सोमवार को कोर्ट ने इस पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि अगर किसी चुनाव में नोटा को सबसे ज्यादा वोट पडें, तो चुनाव रद्द माना जाना चाहिए। उस सीट पर नए सिरे से चुनाव होना चाहिए।

बीजेपी नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका में बताया गया है कि 1999 में पहली बार विधि आयोग ने मतदाताओं को राइट टू रिजेक्ट देने की सिफारिश की थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने कई बार मतदाताओं को यह अधिकार देने की पैरवी की। यहां तक कि खुद सरकार की तरफ से चुनाव सुधार पर गठित एक कमिटी ने 2010 में नोटा और राइट टू रिजेक्ट का प्रावधान करने के पक्ष में रिपोर्ट दी। लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने कोर्ट को बताया कि 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने वोटर को इनमें से कोई नहीं यानी नोटा का बटन दबाने का अधिकार दिया। कोर्ट ने तब यह माना था कि जो मतदाता किसी भी उम्मीदवार को पसंद न करने के चलते मतदान के लिए नहीं आते हैं, उन्हें यह बताने का विकल्प दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नोटा का विकल्प तो लोगों को दे दिया गया, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी कोई अहमियत नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ता है।

अमिताभ बच्चन की दूसरी आंख की भी हुई सर्जरी

मुंबई, (एजेंसी)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने हाल ही में कुछ दिनों पहले अपनी एक आंख की सर्जरी कराई थी। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। अब उन्होंने बताया है कि, उनकी दूसरी आंख की सर्जरी भी हो गई है। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि, यह उनके लिए जिंदगी बदलने वाला अनुभव है। उनका पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया साइट ट्विटर हैंडल पर सर्जरी के बारे में बताया है। उन्होंने सर्जरी के बारे में बताते हुए कहा कि कि दूसरी आंख की भी सर्जरी पूरी हो गई है और अब मैं रिकवर हो रहा हूं।